# मुख्य अभियंता का कार्यालय,
# सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी।

(E-mail- cewrdoffice@gmail.com)

**दिनांक–23.06.2026 को संपन्न वित्तीय बीड समिति की बैठक की कार्यवाही :–**

मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी के पत्रांक–1394 दिनांक–21.04.2026 द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी के पत्रांक–802 दिनांक–23.05.2026 द्वारा कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, चकिया द्वारा प्रकाशित NIT No-04/2025-26 Group No-01 (Tender ID-128549) तिरहुत नहर प्रमंडल, चकिया के अंतर्गत केसरिया वितरणी के कि0मी0 0.00 से 22.25 तक जंगल सफाई एवं कि0मी0 2.13 से 20.73 कि0मी0 तक संरचना मरम्मति कार्य, सिसवा–पटना उपवितरणी के 0.304 कि0मी0 से 2.439 कि0मी0 तक संरचना मरम्मति कार्य, भगवतिया उपवितरणी के 0.5 किमी0 से 1.52 कि0मी0 तक संरचना मरम्मति कार्य, बंगरा लघुनहर से 0.914 कि0मी0 से 2.43 कि0मी0 तक संरचना मरम्मति कार्य, पिपरा वितरणी कि0मी0 1.00 से 14.00 तक संरचना मरम्मति एवं कि0मी0 0.00 से 11.070 तक जंगल सफाई कार्य, प्रहरीनाथ उपवितरणी के कि0मी0 2.736 से 9.728 तक संरचना मरम्मति एवं कि0मी0 0.00 से 5.378 तक जंगल सफाई कार्य, सागर उपवितरणी के कि0मी0 0.00 से 3.730 तक जंगल सफाई एवं कि0मी0 1.520 पर संरचना मरम्मति कार्य, डुमरी लघुनहर के कि0मी0 0.00 से 2.185 तक जंगल सफाई एवं कि0मी0 0.3 से 2.85 तक तटबंध मरम्मति कार्य, चिंतामनपुर उपवितरणी के कि0मी0 0.0 से 4.870 तक जंगल सफाई एवं कि0मी0 0.76 से 3.65 तक संरचना मरम्मति कार्य, चकिया उपवितरणी के कि0मी0 0.00 से 4.482 तक जंगल सफाई कार्य का तकनीकी बीड में सफल निविदादाताओं का वित्तीय बीड का तुलनात्मक विवरणी प्राप्त हुआ। प्राप्त वित्तीय बीड का तुलनात्मक विवरणी की समीक्षा इस कार्यालय के पत्रांक–2164 दिनांक–20.06.2026 के आलोक में आज दिनांक–23.06.2026 को अपराह्न–03:30 बजे निविदा समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्नांकित पदाधिकारियों ने भाग लिया:–

1. ई0 दीपक कुमार, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी।
2. ई0 सुधीर कुमार, मुख्य अभियंता के सचिव (प्रा0), सिं0सृ0, ज0सं0वि0, मोतिहारी।
3. ई0 अमित कुमार, अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी।
4. ई0 अजय कुमार, अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मुजफ्फरपुर।
5. ई0 विकास कुमार, कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, चकिया।
6. ई0 सुजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता, आयोजन एवं मोनिटरिंग प्रमंडल, मोतिहारी।
7. ई0 कुन्दन कुमार, सहायक अभियंता, मुख्य अभियंता कार्यालय, सिं0सृ0, ज0सं0वि0, मोतिहारी।

## (A) निविदा की विवरणी :–

(1) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :– ई0 विकास कुमार/कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, चकिया।

(2) निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :– 04/2025-26, Group No-01

(3) टेंडर आई0डी0 संख्या :– 128549

(4) कार्य का नाम :– तिरहुत नहर प्रमंडल, चकिया के अंतर्गत केसरिया वितरणी के कि0मी0 0.00 से 22.25 तक जंगल सफाई एवं कि0मी0 2.13 से 20.73 कि0मी0 तक संरचना मरम्मति कार्य, सिसवा–पटना उपवितरणी के 0.304 कि0मी0 से 2.439 कि0मी0 तक संरचना मरम्मति कार्य, भगवतिया उपवितरणी के 0.5 किमी0 से 1.52 कि0मी0 तक संरचना मरम्मति कार्य, बंगरा लघुनहर से 0.914 कि0मी0 से 2.43 कि0मी0 तक संरचना मरम्मति कार्य, पिपरा वितरणी कि0मी0 1.00 से 14.00 तक संरचना मरम्मति एवं कि0मी0 0.00 से 11.070 तक जंगल सफाई कार्य, प्रहरीनाथ उपवितरणी के कि0मी0 2.736 से 9.728 तक संरचना मरम्मति एवं कि0मी0 0.00 से 5.378 तक जंगल सफाई कार्य, सागर उपवितरणी के कि0मी0 0.00 से 3.730 तक जंगल सफाई एवं कि0मी0 1.520 पर संरचना मरम्मति कार्य, डुमरी लघुनहर के कि0मी0 0.00 से 2.185 तक जंगल सफाई एवं कि0मी0 0.3 से 2.85 तक तटबंध मरम्मति कार्य, चिंतामनपुर उपवितरणी के कि0मी0 0.0 से 4.870 तक जंगल सफाई एवं कि0मी0 0.76 से 3.65 तक संरचना मरम्मति कार्य, चकिया उपवितरणी के कि0मी0 0.00 से 4.482 तक जंगल सफाई कार्य।

(5) परिमाण विपत्र की राशि :– रू0–1,60,95,600 / –

(6) अग्रधन की राशि :– रू0–3,25,680 / –

(7) कार्य प्रारंभ की तिथि :– निविदा निस्तार के उपरांत।

(8) कार्य समाप्ति की तिथि :– 03 माह।

(9) प्रशासनिक स्वीकृति :– संयुक्त सचिव (अभियंत्रण), जल संसाधन विभाग, पटना का पत्रांक–1042 दिनांक–22.05.2026 (रू0–162.19 लाख)।

(10) निविदा प्रकाशन की विवरण :– हिन्दुस्तान, मुजफ्फरपुर संस्करण दिनांक–03.03.2026 [PR-027490 (WRD)2025-26]

(11) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :– 10.04.2026

(12) निविदा की पद्धती :– ई–टेंडरिंग के माध्यम से

(13) तकनीकी बीड के निष्पादन हेतु सम्पन्न निविदा समिति की बैठक की तिथि :–20.04.2026

(14) प्राप्त निविदा की संख्या :– 07

(15) सफल निविदा की संख्या :– 07

(16) प्रमंडल का नाम :– तिरहुत नहर प्रमंडल, चकिया।

(17) वित्तीय बीड के प्राप्ति का प्रसंग :– अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी का पत्रांक–802 दिनांक–23.05.2026

**(B) वित्तीय बीड की विवरणी:–**

| क्र0 सं0 | निविदादाता का नाम | परिमाण विपत्र की दर से Above/Below | उद्धत दर |
|---|---|---|---|
| 1 | मे0 एस0के0 कन्सट्रक्सन प्रो0–शम्भु कुवर, ग्राम+पोस्ट–दरमाहा, थाना–केसरिया, जिला–पूर्वी चम्पारण, पिन कोड–845432 (निबंधन संख्या–BCD2250123) (L1) | Below | 31.83% (एकतीस दशमलव आठ तीन प्रतिशत) |
| 2 | मे0 हिन्दुस्तान कन्स्ट्रक्शन, प्रो0–श्रीमती प्रतिमा देवी, पति–दिलीप पाण्डेय, ग्राम+पोस्ट–राजपुर, थाना–केसरिया, जिला–पूर्वी चम्पारण, पिन कोड–845432 (निबंधन संख्या–WRD240124C2PR7) (L2) | Below | 21.99% (इक्कीस दशमलव नौ नौ प्रतिशत) |
| 3 | मे0 रविरंजन, ग्राम–रेपुरा, पोस्ट+थाना–लालगंज, जिला–वैशाली, पिन कोड–844121 (निबंधन संख्या–WRD291123C2IN212/2023) (L3) | Below | 21.51% (इक्कीस दशमलव पाँच एक प्रतिशत) |
| 4 | मे0 राजेश प्रसाद कुशवाहा, पिता–योगेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, ग्राम–बलथरवा, पोस्ट+थाना–पिपरा कोठी, जिला–पूर्वी चम्पारण, पिन कोड–845429 (निबंधन संख्या–WRD171225C2IN24170026) (L4) | Below | 21.10% (इक्कीस दशमलव एक शून्य प्रतिशत) |
| 5 | मे0 सीमा श्रीवास्तव, पति–श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, नया बजार, पुरानी गुदरी बेतिया, पो0+थाना–बेतिया, जिला–पश्चिमी चम्पारण पिन कोड–845438 (निबंधन संख्या–WRD180925C2IN492022) (L5) | Below | 15.55% (पन्द्रह दशमलव पाँच पाँच प्रतिशत) |
| 6 | मे0 प्रवीण कुमार, पिता–श्री नन्दकिशोर ठाकुर, ग्राम–सकरा मंसुरपुर, पोस्ट–ढ़ोली, जिला–मुजफ्फरपुर, पिन–843105 (निबंधन संख्या–WRD211123C2IN00203) (L6) | Below | 15.00% ( पन्द्रह प्रतिशत ) |
| 7 | मे0 टी0टी0डी0 कंस्ट्रक्शन, ग्राम–मड़वा पाकर, रामकुरवॉ, पोस्ट–चौबे अम्वारा, थाना–सरैया, जिला–मुजफ्फरपुर, पिन कोड–843101 (निबंधन सख्या–98 / 2022) (BCD-1250140) (L7) | Below | 14.99% (चौदह दशमलव नौ नौ प्रतिशत) |

**(C) समीक्षाः–**

उक्त वर्णित कार्य की तकनीकी बीड समिति की बैठक दिनांक–20.04.2026 को संपन्न हुई, जिसमें समिति द्वारा निविदा में भाग लेने वाले सभी 07 निविदादाताओं को सफल घोषित किया गया तथा मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी के पत्रांक–1394 दिनांक–21.04.2026 द्वारा अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी/कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, चकिया को निदेश दिया गया कि विभागीय पत्रांक–201 दिनांक–28.02.2025 तथा पत्रांक–418 दिनांक–23.02.2026 में वर्णित निदेश के आलोक में कार्य के निविदा का वित्तीय बीड खोल कर उपस्थापित करना सुनिश्चित किया जाय, जिसके आलोक में अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी के पत्रांक–802 दिनांक–23.05.2026 द्वारा तकनीकी बीड में सफल सभी 07 निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर वित्तीय बीड का तुलनात्मक विवरणी उपलब्ध कराया गया। वित्तीय बीड पर अंतिम निर्णय लिए जाने से पूर्व निविदादाता मे0 हिन्दुस्तान कन्स्ट्रक्सन, प्रो0–श्रीमती प्रतिमा देवी तथा राजेश प्रसाद कुशवाहा द्वारा तकनीकी बीड पर परिवाद दिनांक–27.05.2026 को लिखित रूप में परिवाद संबंधित कार्यपालक अभियंता तथा मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी को उपलब्ध कराया गया, जिसे अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी के पत्रांक–825 दिनांक–29.05.2026 द्वारा परिवाद प्रतिवेदन मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी को उपलब्ध कराया गया। प्राप्त परिवाद की समीक्षा हेतु मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी के पत्रांक–1834 दिनांक–29.05.2026 द्वारा परिवाद समिति का गठन किया गया तथा दिनांक–30.05.2026 को परिवाद समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया, जिसका अंश निम्न प्रकार हैः–

"पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–प्र06/द0बि0–नियम–03–02/04–6158(S) दिनांक–09.07.2014 की कंडिका–4.1.1 में वर्णित है कि निविदा में भाग लेने वाले संवेदक विभाग के समुचित श्रेणी में निबंधित हो तथा अद्यतन निबंधन प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न हो, जिसके अनुसार विभाग से यह तात्पर्य नहीं है कि सिर्फ संबंधित विभाग अथवा अन्य विभाग भी। विभाग के मामले में स्पष्टता नहीं रहने तथा परिवाद प्राप्त होने के कारण समिति के समक्ष संशय की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। तद्‌लोक में इस मामले में विभागीय मार्गदर्शन प्राप्त किया जाय। विभागीय मार्गदर्शन प्राप्त होने के उपरांत ही वित्तीय बीड पर निर्णय लिया जाना श्रेयष्कर होगा"।

उक्त के आलोक में मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी के पत्रांक–1873 दिनांक–31.05.2026 द्वारा उक्त संदर्भ में विभाग से मार्गदर्शन की मांग की गई, जिसके परिपेक्ष्य में विभागीय पत्रांक–मो02–मोतिहारी–29/2026–1235 दिनांक–17.06.2026 द्वारा विभागीय पत्रांक–686 दिनांक–19.08.2014 की प्रति संलग्न करते हुए निदेश दिया गया है कि विभागीय पत्रांक–686 दिनांक–19.08.2014 द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में नियमानुकूल अग्रेतर कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित की जाय तथा इस मामले में वार्ता के क्रम में प्रकाश में आया कि विभाग का मतलब संबंधित विभाग से है। उक्त विभागीय आदेश तथा उक्त संदर्भ में प्राप्त विभागीय मार्गदर्शन एवं विभाग के उद्‌देश्य से निम्नलिखित तथ्य स्पष्ट होता हैः–

1. रू0–50.00 लाख से रू0–2.00 करोड़ तक के कार्यों के लिए तकनीकी बीड मूल्यांकन के लिए निविदा में भाग लेने वाले संवेदक विभाग के समुचित श्रेणी में निबंधित हो तथा अद्यतन निबंधन प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न हो तथा NIT के साथ संलग्न Techincal Sheet के Para-1 में उल्लेख है कि "Online Registration in the department WRD must be submitted (As per department letter no.-1964 dated-09.05.2025)" परन्तु निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित निविदादाता S.K Construction का निबंधन भवन निर्माण विभाग, बिहार सरकार से निर्गत है तथा T.T.D Construction का निबंधन भी भवन निर्माण विभाग, बिहार सरकार एवं जल संसाधन विभाग का Offline से संबंधित निबंधन निर्गत है। उक्त वर्णित प्रावधान से स्पष्ट है कि रू0–50.00 लाख से रू0–2.00 करोड़ तक के कार्यों निविदा के लिए निबंधन जल संसाधन विभाग से निबंधित होना चाहिए तथा अद्यतन निबंधन प्रमाण–पत्र Online mode में निर्गत होना चाहिए। ऐसी स्थिति में उक्त दोनों निविदादाताओं को तकनीकी बीड में सफल घोषित नहीं किया जाना चाहिए था, परन्तु विभागीय नियम में स्पष्टता नहीं होने के कारण पूर्व में तकनीकी बीड समिति द्वारा संशय तथा भूलवश सफल घोषित कर दिया गया है। अतः तकनीकी बीड में सफल दोनों निविदादाताओं को उक्त आधार पर असफल घोषित किया जाना चाहिए।
2. विदित हो कि विभागीय आदेश संख्या–1/पी0एम0सी0/विविध/879/2024–पार्ट–।।।–201, पटना दिनांक–28.02.2025 की कंडिका–3 में तकनीकी निविदा मूल्यांकन के पश्चात् वित्तीय निविदा खोलने की प्रक्रिया को कार्यहित में समयबद्ध रूप से विस्तार करने हेतु निम्नांकित आदेश संसूचित है, जिसका अंश इस प्रकार हैः–

कंडिका–3 के (vi) वित्तीय बीड खुलने के उपरांत तकनीकी बीड पर प्राप्त परिवाद पर विचार नहीं किया जायेगा।

कंडिका–3 के (vii) वित्तीय बिड खुलने के दो कार्य दिवस के पश्चात् वित्तीय बीड पर प्राप्त परिवाद पर विचार नहीं किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि परिवादी द्वारा परिवाद संबंधित अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता के पास भी दिया गया है, जिसके आलोक में अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी के पत्रांक–825 दिनांक–29.05.2026 द्वारा कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, चकिया के पत्रांक–349 दिनांक–27.05.2026 संलग्न कर प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभाग से प्राप्त होने के पश्चात् दिनांक–22.05.2026 को वित्तीय बीड खोला गया है तथा परिवादी द्वारा दिनांक–27.05.2026 को तकनीकी बीड पर परिवाद समर्पित किया गया है। साथ ही यह भी प्रतिवेदित है कि दिनांक–26.04.2026 को तकनीकी बीड की कार्यवाही e-proc2 पर अपलोड किया गया था।

उक्त प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि तकनीकी बीड की कार्यवाही e-proc2 पर दिनांक– 26.04.2026 को अपलोड करने के पश्चात् दिनांक–27.05.2026 को 32 दिनों बाद परिवादी द्वारा तकनीकी बीड पर परिवाद समर्पित किया गया है, जबकि परिवादी को वित्तीय बीड खुलने से पहले परिवाद समर्पित करना चाहिये था। साथ ही वित्तीय बीड खुलने के 05 दिनों बाद परिवाद समर्पित किया गया है।

उक्त वर्णित विभागीय प्रावधान के आलोक में परिवादी द्वारा परिवाद तय समय सीमा के बाद समर्पित किया गया है, जिसपर विचार करना नियमसंगत नहीं है।

3. वर्तमान में नहर का संचालन प्रारम्भ रहने के कारण इस कार्य को अविलम्ब कराने की आपातस्थिति नहीं है।

**(D) वित्तीय बीड समिति का निर्णयः–**

सम्यक् समीक्षोपरान्त वित्तीय बीड समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी बीड में सफल घोषित निविदादाता मे0 एस0के0 कन्सट्रक्सन प्रो0–शम्भु कुवर, ग्राम+पोस्ट–दरमाहा, थाना–केसरिया, जिला–पूर्वी चम्पारण, पिन कोड–845432 (निबंधन संख्या–BCD2250123) तथा मे0 टी0टी0डी0 कंस्ट्रक्शन, ग्राम–मड़वा पाकर, रामकुरवॉ, पोस्ट–चौबे अम्वारा, थाना–सरैया, जिला–मुजफ्फरपुर, पिन कोड–843101 (निबंधन सख्या–98/2022) (BCD-1250140) को असफल होने की स्थिति में एवं असफल निविदादाता वित्तीय बीड में L1 (मे0 एस0के0 कन्सट्रक्सन) होने के कारण तथा परिवादी के द्वारा काफी विलंब से दिये गये परिवाद विभागीय नियम के आलोक में नहीं रहने तथा वर्तमान में नहर का संचालन प्रारम्भ रहने के कारण इस कार्य को अविलम्ब कराने की आपातस्थिति नहीं रहने के फलस्वरूप निविदा प्रक्रिया को स्वच्छ एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से विभागीय हित में उक्त कार्य के निविदा को रद्द किया जाता है। साथ ही कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, चकिया को इस कार्य का पुनर्निविदा आमंत्रण करने हेतु निदेशित किया जाता है।

23/06/26
(ई0 कुन्दन कुमार)
सहायक अभियंता,
मुख्य अभियंता कार्यालय, मोतिहारी।

23.06.26
(ई0 सुजीत कुमार)
कार्यपालक अभियंता,
आयोजन एवं मोनिटरिंग प्रमंडल, मोतिहारी।

23.6.26
(ई0 विकास कुमार)
कार्यपालक अभियंता,
तिरहुत नहर प्रमंडल, चकिया।

23/06/2026
(ई0 अजय कुमार)
अधीक्षण अभियंता,
तिरहुत नहर अंचल, मुजफ्फरपुर।

23/06/26
(ई0 अमित कुमार)
अधीक्षण अभियंता,
तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी।

23/06/2026
(ई0 सुधीर कुमार)
मुख्य अभियंता के सचिव (प्रा0)
सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग, मोतिहारी।

23/06/26
(ई0 दीपक कुमार)
मुख्य अभियंता,
सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग, मोतिहारी।

ज्ञापांकः—01 / कार्य—30—22 / 2026 2190 /	मोतिहारी, दिनांक 23 / 06 / 2026

प्रतिलिपिः— अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी / कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, चकिया को सूचनार्थ एवं नियमानुकूल आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/06/26

**(ई0 दीपक कुमार)**
**मुख्य अभियंता,**
**सिंचाई सृजन,**
23/6/26 **जल संसाधन विभाग, मोतिहारी।**

ज्ञापांकः—01 / कार्य—30—22 / 2026 2190 /	मोतिहारी, दिनांक 23 / 06 / 2026

प्रतिलिपिः— अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना को उनके पत्रांक—1235 दिनांक—17.06.2026 के आलोक में सादर सूचनार्थ समर्पित।

23/06/26

**(ई0 दीपक कुमार)**
**मुख्य अभियंता,**
**सिंचाई सृजन,**
23/6/26 **जल संसाधन विभाग, मोतिहारी।**

ज्ञापांकः—01 / कार्य—30—22 / 2026 2190 /	मोतिहारी, दिनांक 23 / 06 / 2026

प्रतिलिपिः— कार्यपालक अभियंता (आई0टी0 प्रभारी), जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23/06/26

**(ई0 दीपक कुमार)**
**मुख्य अभियंता,**
**सिंचाई सृजन,**
**जल संसाधन विभाग, मोतिहारी।**

23/06/2026